राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 10 जनवरी ● 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

स्कूलों ने शुरू किया आवेदन फार्म बांटना

डीडीए भूमि पर बने स्कूलों में नर्सरी दाखिला

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

राजधानी के सरकारी (डीडीए) जमीन पर बने गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले सोमवार से शुरू हो गए। अभिभावकों को आठ दिनों तक इंतजार के बाद के स्कूलों से फॉर्म मिलना शुरू हो गया। उधर स्वायत्ता के मुद्दे को लेकर गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों की एक्शन कमेटी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्शन कमेटी के अध्यक्ष एसके भट्टाचार्य ने कहा कि पहले कोर्ट ने क्राईटेरिया बनाने के अधिकार दे चुका।

नेबरहुड, मैनेजमेंट कोटा के विरोध में कोर्ट गई कमेटी

अभिभावकों को मिलने लगे स्कूलों में फार्म

बता दें कि दिल्ली सरकार ने सरकारी जमीन पर बने 298 पब्लिक स्कूलों में दाखिले को रोक दिया था। इन स्कूलों में अलग से नेबरहुड क्राईटेरिया वाली गाइडलाइंस जारी की गई हैं। शनिवार को यह गाइडलाइंस शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी कर दी गई थीं जिसके मुताबिक स्कूल तत्काल प्रभाव से दाखिला प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। लिहाजा सोमवार से स्कूलों ने आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सोमवार को पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में फॉर्म के बारे में पूछने के लिए कई कॉल्स आए। स्कूल ने सुबह दस बजे से फॉर्म देना शुरू कर दिए। स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि हमने नर्सरी दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल में पहले दिन कुल 150 अभिभावकों ने फॉर्म खरीदे। फॉर्म की कीमत 25 रुपए है। वसुंधरा एनक्लेव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रम्या पाठक ने बताया कि हमने भी स्कूल में आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल में पहले दिन 55 से 60 फॉर्म अभिभावकों को दिए गए। रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने बताया कि पहले दिन कुल 300 अभिभावक ने आवेदन फॉर्म लिया है।

दाखिले की फर्स्ट लिस्ट 28 फरवरी को

सोमवार को एक स्कूल में आवेदन फार्म लेने पहुंचे अभिभावक। फोटो : एसएनबी

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने नर्सरी दाखिला को लेकर नया शेड्यूल जारी किया है। सरकारी जमीन वाले स्कूलों को लेकर शिक्षा निदेशालय ने कहा है कि इन स्कूलों में दाखिले के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी होगी। निजी जमीन वाले स्कूलों की अंतिम तिथि 2[illegible] जनवरी है। स्कूलों को आवेदन करने वालों के नाम 10 फरवरी को घोषित करने होंगे। 2[illegible] फरवरी को प्वाइंट्स के साथ आवेदन करने वाले के नाम घोषित करने होंगे। इसके बाद 28 फरवरी को पहली दाखिला सूची जारी करनी होगी। यदि इस लिस्ट को लेकर अभिभावकों को कोई आपत्ति है तो वे 1 से 4 मार्च तक कर सकते हैं। स्कूलों को सीटें खाली होने पर 15 मार्च को दूसरी दाखिला सूची जारी करनी होगी। इसके अलावा 31 मार्च दाखिला प्रक्रिया खत्म करने की आखिरी तिथि होगी। ■एनएसबी